जन सम्पर्क कार्यालय,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।
दिनांक : 22.01.2014

**प्रेस विज्ञप्ति**
**(सं. 2014/562)**

## रोड अन्डर ब्रिज कार्य के कारण यातायात प्रभावित

*श्रीगंगानगर–सूरतगढ–श्रीगंगानगर सवारी गाडी रहेगी आंशिक रद्द*

रेलवे प्रशासन द्वारा बीकानेर मण्डल के सरूपसर–श्रीगंगानगर रेल खण्ड में रोड अन्डर ब्रिज (RUB) कार्य के कारण **दिनांक 23.01.14 गुरूवार को** इस खण्ड की रेल सेवायें प्रभावित रहेगी।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी श्री तरूण जैन के अनुसार बीकानेर मण्डल के सरूपसर–श्रीगंगानगर रेल खण्ड के मोहन नगर–सरूपसर स्टेशनों के मध्य रोड अन्डर ब्रिज (RUB) निर्माण कार्य के कारण **दिनांक 23.01.14 गुरूवार को** 08.00 बजे से 16.00 बजे तक 08 घंटे का यातायात ब्लॉक लिया जा रहा है। ब्लॉक के कारण उपरोक्त खण्ड में रेल सेवायें निम्नानुसार प्रभावित रहेगीं :–

1. गाडी संख्या 54759, श्रीगंगानगर–सूरतगढ सवारी गाडी **दिनांक 23.01.14 गुरूवार को** रायसिंह नगर–सूरतगढ स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।
2. गाडी संख्या 54760, सूरतगढ–श्रीगंगानगर सवारी गाडी **दिनांक 23.01.14 गुरूवार को** सूरतगढ–रायसिंह नगर स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

जन सम्पर्क अधिकारी
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर